**अव्यवस्था** वार्डों में हफ्तों से नहीं हुई सफाई, जगह-जगह कचरे के ढेर; नेता प्रतिपक्ष ने नगरपालिका प्रशासन पर लगाए गंभीर आरोप

# सीएमओ की लचर कार्यशैली से बेलगाम हुए कर्मचारी, त्योहारों में चरमराई सफाई व्यवस्था

नवभारत न्यूज

**परासिया, 27 अगस्त, त्योहारों के बीच परासिया शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह पटरी से उतरती नजर आ रही है। जगह-जगह कचरे के ढेर और वार्डों में नियमित सफाई नहीं होने को लेकर नगर पालिका प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। नगरपालिका नेता प्रतिपक्ष वीर बहादुर सिंह ने सीएमओ की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि अधिकारियों की कमजोर पकड़ के चलते कर्मचारी बेलगाम हो गए हैं और इसका खामियाजा शहर की जनता को भुगतना पड़ रहा है।**



उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन, भुजरिया और ईद मिलादुन्नबी जैसे महत्वपूर्ण त्योहारों के बावजूद शहर के कई वार्डों में सफाई व्यवस्था बदहाल है। कई स्थानों पर हफ्तों से झाड़ू नहीं लगी और कचरा नहीं उठाया गया। घरों से कचरा संग्रहण के लिए पहुंचने वाले टिपर और ट्रैक्टर भी कई दिनों से वार्डों में नहीं पहुंच रहे हैं, जिसके कारण लोगों के घरों में कचरा जमा हो रहा है।

वीर बहादुर सिंह ने कहा कि सावन माह में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिरों में पहुंच रहे हैं, लेकिन मंदिरों के आसपास भी पर्याप्त साफ-सफाई नहीं की जा रही है। बारिश के मौसम में नाली और नालों की सफाई नहीं होने से जलभराव की समस्या बढ़ रही है। कई जगह नालियों का गंदा पानी सड़कों, घरों और दुकानों तक पहुंच रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर पालिका के कई सफाई वाहन खराब पड़े हैं और समय पर सुधार नहीं होने के कारण सफाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है। कचरा जमा होने से मच्छर-मक्खियों के पनपने का खतरा भी बढ़ गया है।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि शहर में सफाई, पेयजल और स्ट्रीट लाइट जैसी मूलभूत सुविधाओं को लेकर आमजन परेशान हैं। इसके बावजूद नगरपालिका प्रशासन द्वारा समस्याओं के समाधान के लिए गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारियों की निगरानी और नियंत्रण कमजोर होने के कारण कर्मचारी अपनी जिम्मेदारियों के प्रति लापरवाह हो गए हैं।

# चुटकी भर शक्कर बांटकर कांग्रेस ने जताया महंगाई का विरोध

नवभारत न्यूज

**परासिया, 27 अगस्त, बढ़ती महंगाई के विरोध में कांग्रेस ने गुरुवार को अनोखे अंदाज में प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस कमेटी के मार्गदर्शन एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कार्यालय से रैली निकालकर बाजार में आमजन को चुटकी भर शक्कर बांटी और महंगाई के खिलाफ विरोध जताया।**




कांग्रेस नेताओं ने कहा कि त्योहार से पहले शक्कर के बढ़े दाम के कारण आम परिवारों का बजट बिगड़ रहा है। रसोई गैस, पेट्रोल-डीजल और बिजली की बढ़ती कीमतों ने भी जनता की परेशानी बढ़ा दी है। कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए महंगाई पर तत्काल नियंत्रण और बढ़ी कीमतें वापस लेने की मांग की।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे ने कहा कि महंगाई के कारण मध्यम वर्ग आर्थिक दबाव में है। वहीं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कमल राय ने कहा कि आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि सीधे आम जनता को प्रभावित कर रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि महंगाई पर अंकुश नहीं लगाया गया तो कांग्रेस बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

# चावरा स्पंदन : रक्षाबंधन पर विद्यार्थियों ने वृद्धाश्रम में बांटी खुशियां

नवभारत न्यूज

**परासिया, 27 अगस्त, 'चावरा स्पंदन' पहल के तहत चावरा नेशनल एकेडमी के दस विद्यार्थियों ने फादर जैसन, प्राचार्य एवं शिक्षकों के साथ स्थानीय वृद्धाश्रम शांतिधारा, भमोड़ी पहुंचकर रक्षाबंधन का पर्व बुजुर्गों के साथ मनाया।**



इस अवसर पर विद्यार्थियों ने वृद्धजनों को फल एवं उपहार भेंट किए। वहीं बुजुर्ग महिलाओं को राखियां बांधकर उनका आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों और आश्रम की बुजुर्ग महिलाओं ने एक-दूसरे को सुंदर गीत भी सुनाए। बातचीत, संगीत और हंसी-खुशी से भरपूर माहौल ने दो पीढ़ियों के बीच प्रेम, सम्मान और अपनत्व का भाव मजबूत किया। फादर प्रिंसिपल ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में वरिष्ठ नागरिकों के प्रति सम्मान, सेवा और संवेदनशीलता की भावना विकसित करना है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को सामाजिक जिम्मेदारियों से जोड़ने के साथ मानवीय मूल्यों को समझने का अवसर भी प्रदान करते हैं। कार्यक्रम का संयोजन निखत जावेद ने किया।

# सिंगोड़ी में जनसमस्याओं को लेकर तहसीलदार को कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

## महंगाई व सड़कों शौचालय सहित मूलभूत समस्या को लेकर उठाई आवाज

नवभारत न्यूज

**सिंगोड़ी, 27 अगस्त, प्रदेश में बढ़ती महंगाई किसानों की समस्याओं एवं मूलभूत सुविधाओं को लेकर ब्लॉक एवं नगर कांग्रेस कमेटी युवक कांग्रेस किसान कांग्रेस सेवादल सिंगोड़ी द्वारा गुरुवार को राज्यपाल के नाम अमरवाड़ा नायब तहसीलदार को और स्थानीय पुलिस की उपस्थिति में ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में आम जनता से जुड़ी कई महत्वपूर्ण समस्याओं का उल्लेख करते हुए शीघ्र समाधान की मांग की गई है तथा विरोध स्वरूप एक चुटकी शक्कर बाटी गई ।**



ज्ञापन में बताया गया कि वर्तमान समय में महंगाई लगातार बढ़ रही है, जिससे आम नागरिकों का घरेलू बजट प्रभावित हो रहा है। वहीं किसानों को खाद की पर्याप्त एवं समय पर उपलब्धता नहीं होने से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा ई-20 पेट्रोल के उपयोग से वाहनों में आ रही तकनीकी समस्याओं का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने खाद्य तेलों और शक्कर की बढ़ती कीमतों पर नियंत्रण, सिंगोड़ी बस स्टैंड से खकरा चौरई मार्ग के जर्जर हालत के कारण उसके शीघ्र पुनर्निर्माण, तथा सिंगोड़ी हायर सेकेंडरी स्कूल मार्ग के निर्माण, की भी मांग की है। ज्ञापन में कहा गया कि खराब सड़कों के कारण आम नागरिकों को आवागमन में कठिनाई और दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है, जगह जगह नालियों में कीचड़ हो रहा है बीमारी फैलने का डर बना हुआ है। इसके साथ ही रसोई गैस एवं बिजली की बढ़ती दरों से आम जनता पर पड़ रहे आर्थिक बोझ को कम करने की मांग भी उठाई गई। ज्ञापन में विद्युत मंडल द्वारा जारी अधिक राशि के बिलों को गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवारों पर अतिरिक्त भार बताते हुए राहत प्रदान करने की बात कही गई है।

# विहिप-बजरंग दल की बैठक में संगठन विस्तार पर मंथन



नवभारत न्यूज

**मोहखेड़, 27 अगस्त, विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रखंड मोहखेड़ की बैठक उमरानाला स्थित परमात्मा एक लॉन में आयोजित हुई।**

बैठक का शुभारंभ आचार पद्धति से किया गया। इसमें आगामी छह माह में होने वाले कार्यक्रमों और संगठन विस्तार को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में महाकौशल प्रांत के प्रांत सह सत्संग प्रमुख ऋषिराज सिंह वैश, विभाग मंत्री नकुल विश्वकर्मा, जिला उपाध्यक्ष बादल साहू, जिला सह मंत्री दिनेश पवार, बजरंग दल जिला सहसंयोजक रविराज भारद्वाज, प्रखंड अध्यक्ष अर्जुन यदुवंशी, प्रखंड मंत्री रविंद्र घागरे एवं बजरंग दल प्रखंड संयोजक हर्षित लोखंडे सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में आगामी 4 सितंबर को श्री राधा-कृष्ण धाम एवं विभाग कार्यालय के लोकार्पण की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं एवं सामाजिकजनों को आमंत्रित किया गया।

# भुजलिया महोत्सव का आयोजन 30 अगस्त को

नवभारत न्यूज

**सिंगोड़ी, 27 अगस्त, जिले के सिंगोड़ी क्षेत्र में आगामी 30 अगस्त रविवार को सार्वजनिक भुजलिया उत्सव समिति द्वारा भव्य भुजलिया महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल बना हुआ है। कार्यक्रम का आयोजन कबीरवाड़ा सिंगोड़ी में किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में आसपास के सैकड़ों ग्रामों के ग्रामीण एवं नगरवासी शामिल होंगे।**

समिति अध्यक्ष योगेश यादव ने बताया कि भुजलिया महोत्सव की विशेषता यह है कि यह आयोजन वर्षों से सांप्रदायिक सौहार्द की परंपरा को मजबूत करता आया है। विभिन्न समाजों के लोग मिल-जुलकर इस उत्सव में भाग लेते हैं, जो क्षेत्र की एकता और भाईचारे की मिसाल प्रस्तुत करता है। महोत्सव के अंतर्गत विशाल चल समारोह मनमोहक शैला नृत्य प्रतियोगिता एवं पारंपरिक लाठी अखाड़ों का आकर्षक प्रदर्शन किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार यह आयोजन न केवल क्षेत्र की सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत बनाए रखने का प्रयास है, बल्कि युवाओं को अपनी विरासत से जोड़ने का एक महत्वपूर्ण माध्यम भी है।

### इनामी सैला नृत का भी आयोजन

कार्यक्रम में परंपरा अनुसार सैला नृत सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों के लिए आकर्षक पुरस्कार राशि भी निर्धारित की गई है, जिसमें प्रथम पुरस्कार 5100 रुपये, द्वितीय 3100 रुपये, तृतीय 2100 रुपये सहित अन्य प्रतिभागियों को भी प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। आयोजन समिति के अध्यक्ष योगेश यादव के नेतृत्व में इस वर्ष भी कार्यक्रम को भव्य और व्यवस्थित रूप से आयोजित करने की तैयारियां जोरों पर हैं। समिति के अध्यक्ष योगेश यादव, उपाध्यक्ष पवन राव सोनी, परसादी पटेल, राजेंद्र कंच, कैलाश साहू, पुष्प कुमार जैन, समिति के सचिव सोनू सरसवार, अशोक सतीज़ा, राम किशोर साहू, राजेश जैन, कोषाध्यक्ष सरपंच कपिल ठाकुर, सह कोषाध्यक्ष मोहित साहू, पूर्व सदर अंजुमन कमेटी इलमन भाई, आहद मुश्किनी, शाकिर भाई, राजिक भाई ने सभी आम जनों, व्यापारियों से आयोजन में सहयोग करने की अपील की है।

# महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन, बारिश में भी जारी रहा आंदोलन

नवभारत न्यूज

**मोहखेड़, 27 अगस्त, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर गुरुवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मोहखेड़ के तत्वावधान में बाजार चौक में बढ़ती महंगाई के विरोध में धरना-प्रदर्शन किया गया।**




भारी बारिश के बावजूद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन जारी रखा। शक्कर, तेल, चावल, किराना सामग्री, पेट्रोल-डीजल, ई20 पेट्रोल, बिजली बिल, गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों सहित किसानों को यूरिया खाद की समस्या का मुद्दा उठाया गया। प्रदर्शन के बाद राज्यपाल के नाम तहसीलदार मोहखेड़ के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया। उक्त कार्यक्रम में सौसर विधायक विजय चौरे, पर्यवेक्षक लखीचंद पवार, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रघुवीर मोहने, कार्यवाहक अध्यक्ष विजय गावंडे, गुलाब चौधरी, फैयाज खान, समीम खान, राधेश्याम साहू, रसीद खान, दिनेश चौरसिया, राजू बाडिवा, देवकरण पटेल, पप्पू शर्मा, सूरज सोनघरे, मनोज सिन्हा, अशोक फरकारे, मनोज कड़वे, अनिरुद्ध टेकले, राजू सोनी, कैलाश डोंगरे, बंटी फिटिंग, अंकित चौरसिया, योगेश राजनकर, सार्थक कोलारे, खेमचंद माहोरे, रोशन माहोरे, गुलाब ठाकुर, बापू हांडे, अब्दुल्ला खान उपस्थित थे।

# झुर्रे में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जश्ने ईद मिलादुन्नबी

नवभारत न्यूज

**झुर्रे, 27 अगस्त, अंजुमन कमेटी झुर्रे के तत्वावधान में जश्ने ईद मिलादुन्नबी का पर्व बड़े हर्ष और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जुलूस निकाला गया, जिसमें मुस्लिम समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपने नबी हजरत मोहम्मद साहब से मोहब्बत का इजहार किया। पर्व के दौरान शांति और सद्भाव का माहौल बना रहा।**



जश्ने ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर मुस्लिम समाज के घरों में मिठाइयां एवं तबर्रुक तकसीम किया गया। इस दौरान नबी-ए-पाक की शान में नात और कलाम पेश किए गए। इसी भावना को व्यक्त करते हुए लोगों ने कहा– ÷सबसे आला वाला हमारा नबी, दोनों आलम का दूल्हा हमारा नबी। कार्यक्रम के अंतर्गत इस्लामिक क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इसमें बच्चों एवं समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और पूछे गए सवालों के जवाब देने का प्रयास किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मोहम्मद साहिल, द्वितीय स्थान मोहम्मद आरिफ तथा तृतीय स्थान मोहम्मद जाकिर ने प्राप्त किया। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अंजुमन कमेटी के पेश इमाम मौलाना मोहम्मद नईमुद्दीन, सदर सगीर खान, बशीर अली, मुजाहिद खान, अब्दुल शोएब, मोहम्मद अशरफ सहित अंजुमन कमेटी के सदस्य एवं बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# मन की बात प्रधानमंत्री के साथ कार्यक्रम का किया गया सीधा प्रसारण

नवभारत न्यूज

**जुन्नारदेव, 27 अगस्त, मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा एवं खेल कूद विभाग द्वारा खेल दिवस के उपलक्ष्य पर मन की बात प्रधानमंत्री के साथ कार्यक्रम का सीधा प्रसारण गुरुवार 27 अगस्त को किया गया।**



इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ एके टांडेकर, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ संगीता वाशिंगटन, प्रो आरडी वाडिवा, प्रो आरके चंदेल, डॉ रश्मि नागवंशी ने विद्यार्थियों के समक्ष अपने विचार प्रस्तुत किये। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के वॉलीबॉल ग्राउंड के आसपास पौधारोपण किए जाने की बात कही गई। खेल अधिकारी नीरज पाल ने जानकारी देते हुए बताया कि 3 सितंबर खेल दिवस के अवसर पर 25 पौधों का रोपण एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन खेल अधिकारी द्वारा किया गया आभार व्यक्त डॉ एके शेण्डे द्वारा किया गया कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में महाविद्यालय स्टाफ छात्र छात्राएं एवं खिलाड़ी उपस्थित थे।

# टीबी मरीजों को पोषण सहयोग एवं फ्रूट बास्केट वितरण कार्यक्रम




नवभारत न्यूज

**हर्रई, 27 अगस्त, मुख्यमंत्री जन विश्वास कार्यक्रम के अंतर्गत आज विकासखंड हर्रई में कलेक्टर द्वारा सिविल अस्पताल हर्रई का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर के कर-कमलों द्वारा टीबी मरीजों को फ्रूट बास्केट (फल टोकरी) वितरित कर पोषण सहयोग प्रदान किया गया।**

टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत टीबी मरीजों को उपचार के साथ-साथ पर्याप्त एवं संतुलित पोषण तथा मानसिक एवं सामाजिक सहयोग उपलब्ध कराना अत्यंत महत्वपूर्ण है। फ्रूट बास्केट के माध्यम से मरीजों को पौष्टिक आहार ग्रहण करने के लिए प्रोत्साहित किया गया तथा यह संदेश दिया गया कि प्रशासन एवं समाज टीबी मरीजों के साथ पूरी संवेदनशीलता के साथ खड़ा है। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा सामाजिक सहभागिता एवं सहयोग की भावना से टीबी मरीजों के लिए पोषण सहयोग उपलब्ध कराया गया। सहयोग प्रदान करने वाले विभागों में राजस्व, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, पुलिस, नगर पालिका/स्थानीय निकाय, जनपद पंचायत, वन, कृषि, लोक निर्माण एवं अन्य संबंधित विभाग शामिल रहे।

### टीबी मरीजों के लिए पोषण सहयोग का महत्व

फल एवं संतुलित पौष्टिक आहार शरीर को आवश्यक विटामिन एवं खनिज उपलब्ध कराने, पोषण स्थिति बनाए रखने तथा उपचार के दौरान कमजोरी से उबरने में सहयोगी होते हैं। नियमित टीबी उपचार के साथ बेहतर पोषण मरीज के समग्र स्वास्थ्य एवं रिकवरी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। माननीय कलेक्टर महोदय द्वारा सिविल अस्पताल हर्रई की समुचित व्यवस्थाओं, साफ-सफाई एवं स्वास्थ्य सेवाओं की सराहना की गई। साथ ही अस्पताल प्रबंधन एवं समस्त अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि अस्पताल में इसी प्रकार निरंतर स्वच्छता, बेहतर व्यवस्थाएं एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं बनाए रखें। स्वास्थ्य विभाग, हर्रई की ओर से टीबी मरीजों के पोषण सहयोग में सहभागी बने सभी विभागों के माननीय अधिकारियों एवं अधिकारी-कर्मचारियों का हृदय से आभार एवं धन्यवाद। आप सभी का यह सहयोग टीबी मरीजों में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ-साथ टीबी मुक्त भारत के संकल्प को मजबूत करने की दिशा में एक सराहनीय पहल है।

# जश्ने ईद मिलादुन्नबी पर जुलूस और बच्चों के तालीमी मुकाबलें हुए

नवभारत न्यूज

**जुन्नारदेव, 27 अगस्त, जश्ने ईद मिलादुन्नबी पर्व के अवसर पर नगर की जामा मस्जिद, माजरी मस्जिद , गरीब नवाज मस्जिद, मक्का मस्जिद,में जुलूस और बच्चों के तालीमी मुकाबले आयोजित हुए। जिसमें बच्चों ने पैगंबर मोहम्मद साहब के जीवन पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला।**



बच्चों ने कुरआन की तिलावत नात शरीफऔर तकरीर पेश की। इस अवसर पर पैगंबर मोहम्मद साहब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए पूर्व एनसीसी ऑफिसर साबिर अली पूर्व प्राचार्य, उपयंत्री एस उद्दीन खान, हाजी मोहम्मद शाहिद खान, मौलाना मोहम्मद जुनेद ने अपनी अपनी तकरीर पेश किया। तालीमी मुकाबलें के बाद बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं दूसरी और गरीब नवाज मस्जिद से जुलूस पूरे नगर का भ्रमण करने के बाद संपन्न हुआ। जुलूस में एसडीओ पुलिस श्रीमती सोलन पाटिल के निर्देश अनुसार पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। टी आई जे मसराम सब इंस्पेक्टर मुकेश डोंगरे सहित अन्य पुलिस बल मुस्तैदी के साथ जुलूस में सुबह 10 बजे से 4 बजे तक तैनात रहा।

**कार्यक्रम** मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान 2026 के अंतर्गत विकासखंड हर्रई पहुंचे कलेक्टर सहित जिला अधिकारी

# सांदीपनि विद्यालय में अमरवाड़ा विधायक एवं कलेक्टर ने सुनी ग्रामीणों की समस्यायें

नवभारत न्यूज

**हर्रई, 27 अगस्त, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा शासकीय सेवाओं को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और जनोन्मुख बनाने के उद्देश्य से प्रारंभ किए गए मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान 2026 के अंतर्गत गुरुवार को जिले के सभी जिला अधिकारी फील्ड में पहुंचे और विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं के क्रियान्वयन की जमीनी स्थिति का जायजा लिया। अभियान के तहत ग्रामीणों से आत्मीय संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी गई तथा मौके पर ही निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शुक्रवार को ग्रामीणों की समस्याएं सुनी जानी थीं, लेकिन शुक्रवार को रक्षाबंधन पर्व होने के कारण यह गतिविधि गुरुवार को आयोजित की गई।**



इसी क्रम में मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान 2026 के अंतर्गत कलेक्टर हरेंद्र नारायन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अग्रिम कुमार सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों की टीम विकासखंड हर्रई पहुंची। कलेक्टर श्री नारायन ने क्षेत्र में संचालित विभिन्न शासकीय संस्थाओं का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध जन सुविधाओं, व्यवस्थाओं तथा शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से संस्थाओं के दैनिक संचालन, हितग्राहियों को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं तथा अभिलेखों के संधारण की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### आंगनवाड़ी केंद्र बसुरिया खुर्द का निरीक्षण

कलेक्टर श्री नारायन ने ग्राम पंचायत बसुरिया खुर्द स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने आंगनबाड़ी में उपस्थित छोटे बच्चों से आत्मीयता से बातचीत की तथा उन्हें उपलब्ध कराए जा रहे पोषण आहार की गुणवत्ता का जायजा लिया। इस दौरान बच्चों की गतिविधियों में रुचि लेते हुए कलेक्टर श्री नारायन ने बच्चों को ड्राइंग शीट एवं ड्राइंग पेन उपहार स्वरूप भेंट किए।

### प्राथमिक शाला बसुरिया कला का किया निरीक्षण

कलेक्टर श्री नारायन ने शासकीय प्राथमिक शाला बसुरिया१० का भी निरीक्षण किया। विद्यालय में साफ-सफाई की व्यवस्था संतोषजनक नहीं पाए जाने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की तथा विद्यालय परिसर में स्वच्छता बनाए रखने और पानी की व्यवस्था को बेहतर करने के निर्देश दिए। साफ-सफाई एवं निगरानी में लापरवाही पाए जाने पर हर्रई बीआरसी के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री नारायन ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उन्हें स्वच्छता के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने बच्चों को समझाया कि भोजन करने से पहले साबुन से हाथ अवश्य धोएं तथा वॉशरूम से आने के बाद भी हाथों को अच्छी तरह साफ करें।

# बारिश में भी दमुआ ब्लाक कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी ने महामहिम राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**दमुआ, 27 अगस्त, देश में बढ़ रही बे हताशा मंहगाई रोज मर्रा की वस्तु शक्कर तेल अनाज गैस पेट्रोल डीजल आदि के बढ़ते हुए दामों के विरोध में आज ब्लाक कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में दमुआ बेरियर से एकत्रित होकर समस्त वरिष्ठ कनिष्ठ कांग्रेस जनों ने दमुआ थाना पहुंचकर महामहिम राष्ट्रपति के नाम नायब तहसीलदार साहब के हाथों में ज्ञापन सौंपा गया।**



कायक्रम में मुख्य रूप से ब्लाक अध्यक्ष नीटू गांधी, पूर्व नगर पालिका परिषद दमुआ अध्यक्ष सुभाष गुलबाके, जुन्नार देव पर्यवेक्षक छोटु पाठक , चावल पानी पर्यवेक्षक विनोद निरापुरे, भूतपूर्व जनपद अध्यक्ष राजेन्द्र उइके, पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष राजू सोलंकी, युवक कांग्रेस जुन्नारदेव विधानसभा प्रभारी बिट्टू सूर्यवंशी, ब्लाक युवक कांग्रेस अध्यक्ष लोकेश धुर्वे, नगर कांग्रेस कमेटी दमुआ अध्यक्ष राजेश नागले, वरिष्ठ कांग्रेसी गोल्डी गांधी, पूर्व न .पा. उपाध्यक्ष गंगाधर बारस्कर, अन्नू बिसंदरे,मुनि वर्मा, विनोद पंडोले, कृष्णा भालेराव, युवक कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष युवा साथी यारों के यार कादिर अली, इरशाद खान, चीनू तिवारी , हरि यादव, मोनू सोलंकी आदि साथियों की उपस्थिति रही।